Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Need to vaccinate the adolescent (aged 12-18 years) in the country.

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण): अध्यक्ष महोदय, पहले मैं भारत सरकार और हमारे वैज्ञानिकों को बधाई देना चाहूंगा, क्योंकि उन्होंने 12-18 साल के बच्चों पर जो कोवैक्सीन का टेस्ट किया है, वह सफल हुआ है और आज उसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। ओमिक्रॉन वेरिएंट साउथ अफ्रीका में आया है, वह नौजवानों को ज्यादा पकड़ रहा है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कल कोविड पर चर्चा होगी।

डॉ. संजय जायसवाल : मेरा एक ही अनुरोध है कि मैं 12-18 साल के बच्चों को कोवैक्सीन का टीका देने के लिए मंत्री जी से अपील करना चाहता हूं। राज्य सभा में भी चर्चा हुई है, हम सारी तैयारी कर रहे हैं कि हम उसे एयरपोर्ट पर कैसे रोकें, लेकिन वायरस को नहीं रोका जा सकता है।

मेरी आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से अपील होगा कि जब 12-18 साल के बच्चों पर कोवैक्सीन के टेस्ट रिजल्ट आ चुका है, तो जिन बच्चों ने स्कूल और कॉलेज में जाना शुरू किया है, जो विद्यालय खुल गए हैं, एक आइडेंटी से आइडेंटीफाई करके, जैसे हमने पहले हेल्थ वर्कर्स को टीका दिया था, वैसे ही 12-18 साल के जो बच्चे स्कूल जा रहे हैं, उनको कोवैक्सीन देना तुरंत शुरू किया जाए।

माननीय अध्यक्ष : कल जब कोविड पर चर्चा हो, तो मेरा सदन से आग्रह रहेगा कि हम कोविड पर सकारात्मक चर्चा करें कि किस तरह से हम ने माननीय संसद सदस्य होते हुए कोविड के समय में काम किया है, क्या इनोवेशन किया है। हम ने किस तरह से अपनी जनता को सुरक्षित रखने के लिए काम किया है, ताकि उस इनोवेशन से अन्य माननीय सदस्य भी प्रेरणा लें और देश के अन्य जनप्रतिनिधि भी प्रेरणा लें, ऐसी हमारी अपेक्षा है।

<u>19.03 hrs</u> (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)